प्रश्न आपने अपने शहर में बच्चों कब-कब और कहाँ काम करते हुए देखा है?

उत्तर- मैंने अपने शहर में बच्चों को निम्न जगहों पर काम करते हुए देखा है—

P.T.O.

1. घरों में और कार्यालयों में।
2. होटलों और ढाबों
3. कारखानों में।
4. दुकानों पर काम करते हुए।
5. सड़कों और घरों के निर्माण की जगह पर

मैंने बच्चों को सुबह से देर रात तक काम करते हुए देखा है। मैंने उन्हें हर मौसम जैसे ठंड, बारिश, कड़ी धूप में सुबह-सुबह काम पर जाते देखा है। उन्हें हर तरह की परिस्थितियों में काम पर जाने का दबाव रहता है ताकि वे अपना और अपने परिवार का पेट भर सके और आर्थिक सहायता कर सके।

प्रश्न काम पर जाते किसी बच्चे के स्थान पर अपने आपको रखकर देखिए। आपको जो महसूस होता है उसे लिखिए।

उत्तर- मैंने काम पर जाते बच्चे के स्थान जब खुद को रखकर देखा तो मुझे अपने बचपन के नष्ट होने का अनुभव हुआ। मैं काम जाने की वजह से स्कूल जाकर पढ़ाई नहीं कर सकूं/सकूंगा मैं अन्य बच्चों की तरह खिलौने से भी नहीं खेल पाऊंगा/पाऊंगी। मैं प्रतिदिन काम पर जाने के लिए बाध्य रहूंगा/रहूंगी। मैं अन्य बच्चों की तरह बचपन का आनन्द, खेल-कूदकर नहीं कर पाऊंगी/पाऊंगा। मैं अपने आपको खुशनसीब और भाग्यशाली मानता हूं/मानती हूं कि मैं उन लाचार बच्चों की भांति प्रतिदिन काम पर जाने को मजबूर नहीं हूं।